एनएमडीसी लिमिटेड

बैलाडिला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स
पोस्टः बचेली, जिलाः दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

NMDC Swasthya Kaushal Yojana (NSKY)
मेडिकल टेक्नोलॉजी कोर्स हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना–2026
(केवल अजजा बालक एवं बालिकाओं हेतु)

एनएमडीसी के नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत **"एनएमडीसी स्वास्थ्य कौशल योजना"** मेडिकल टेक्नोलॉजी कोर्स के अंतर्गत दन्तेवाड़ा एवं बस्तर क्षेत्र के इच्छुक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी (अजजा) बालक एवं बालिकाओं को अपोलो यूनिवर्सिटी, चित्तूर (Apollo University, Chittoor) में प्रवेश हेतु न्यूनतम 17 वर्ष अधिकतम 25 वर्ष से कम उम्र के आवेदक हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाऐंगे। इन पाठ्यक्रमों में कुल 90 सीटें है। जिसमें बालिकाओं के लिए 60 प्रतिशत सीटें एवं बालको के लिए 40 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। चयनित छात्रों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। इस पाठ्यक्रम में 06 कोर्स है, जिनका विवरण निम्नलिखित हैः

1. बीएससी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नोलॉजी (04 वर्षीय)
2. बीएससी मेडिक लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (04 वर्षीय)
3. बीएससी एनेस्थीशियोलॉजी एंड ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी (04 वर्षीय)
4. बीएससी इमेजिंग टेक्नोलॉजी (04 वर्षीय)
5. बीएससी फजिशियन असिस्टेंट (04 वर्षीय)
6. बीएससी रिनल डायलिसिस टेक्नोलॉजी (04 वर्षीय)

योग्यताः

1. 12वीं में विज्ञान विषयों में (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है ।
2. अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. अभ्यर्थियों को दंतेवाड़ा एवं बस्तर जिले का निवासी होना अनिवार्य है।
4. परिवार की कुल वार्षिक आय रू. 72,000/– से अधिक न हो (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र 01 वर्ष (15.06.2025) से अधिक पुराना न हो)।
5. यह योजना केवल (अजजा) बालक एवं बालिकाओं के लिए मान्य है।

आवेदन प्रक्रियाः

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को ऑनलाइन मोड में ही आवेदन करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को एनएमडीसी की वेबसाइट https://www.nmdc.co.in/careers के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है (लिंक वेबसाइट के करियर पेज पर उपलब्ध है)। लिंक **15.06.2026 को प्रातः 09:00 बजे से 05.07.2026 को शाम 06:30 बजे** तक आवेदन कर सकेंगे।
3. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी आवश्यक विवरण भरने एवं उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य है:

1. 10वीं की अंकसूची
2. 12वीं की अंकसूची
3. जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जनजाति – ST, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
4. आय प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, **15.06.2025** से अधिक पुराना न हो)
5. निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
6. आधार कार्ड या राशन कार्ड
7. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो
8. हस्ताक्षर (Signature)

चयन प्रक्रिया:

- सभी अभ्यर्थीयों की **लिखित परीक्षा** के आधार पर **मेरिट सूची** तैयार की जाएगी।
- प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Objective Type Multiple Choice Question) पर आधारित होगा। प्रश्न अंग्रेजी भाषा में होंगे तथा उत्तरों को – OMR शीट पर भरना होगा (लिखित परीक्षा ऑफ–लाईन मोड में होगा)।
- परीक्षा विषय:
  a) भौतिकी (Physics) एवं रसायन शास्त्र (Chemistry) – 20 Marks
  b) जीव विज्ञान (Biology)- 25 Marks
  c) अंग्रेजी (English) – 05 Maks
- **सिलेबस, एडमिट कार्ड एवं परीक्षा तिथि** की सूचना एनएमडीसी वेबसाइट के करियर पेज से प्राप्त की जा सकती है।
- लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन **दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण** के उपरांत किया जाएगा।

संपर्क सहायता: ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर/ईमेल पर संपर्क करें: हेल्पलाइन: 7044599061 ईमेल: nmdcnisp18@gmail.com

महत्वपूर्ण टीप: 1. एनएमडीसी परियोजनाओं के आस–पास के क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी तथा योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।

2. अभ्यर्थियों को कोर्स का आवंटन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। कोर्स आवंटन की संपूर्ण प्रक्रिया अपोलो यूनिवर्सिटी, चित्तूर द्वारा संपादित की जाएगी, जिसमें एनएमडीसी की कोई भूमिका अथवा उत्तरदायित्व नहीं होगा।

वास्ते
सीएसआर विभाग
एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स